प्राण Pran
PRESERVATION AND PROLIFERATION OF RURAL RESOURCES AND NATURE
(PRAN is registered as a Public Charitable Trust under the Indian Trust Act, 1882)
Contact No. : 9934259579, 9006372304, Web. : www.ngopran.org
Narayangadh, Near Samudayik Vikash Bhawan, Rampur, Dist. - Gaya - 823001 (Bihar)
Email- (1) pranheadoffice@gmail.com (2) anilvermaprangaya@gmail.com

Press Release

IARI नई दिल्ली एवं PRAN के संयुक्त तत्वावधान में मानपुर के चिरैला में 'उन्नत भारत अभियान' के तहत ग्रामीण अध्ययन कार्यशाला आयोजित

गया जी (बिहार)

दिनांक- 14 मार्च 2026

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), नई दिल्ली एवं PRAN NGO द्वारा गया जिले के मानपुर प्रखंड अंतर्गत चिरैला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों, शिक्षकों, छात्रों तथा किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में Dr. Ravindra Nath Padaria, संयुक्त निदेशक (प्रसार), IARI नई दिल्ली तथा Dr. N. V. Kumbhare, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), IARI नई दिल्ली उपस्थित रहे और कार्यशाला का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला में ICRISAT, ATMA, LNG Skills, PNB RSETI, कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) मानपुर गया, ICAR-IARI नई दिल्ली, शिक्षा विभाग गया, संकल्पतरू फाउंडेशन, MSME गया, स्वास्थ्य विभाग, NSIC बोधगया तथा MTSC बोधगया सहित कई संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इन विशेषज्ञों ने अपने-अपने संस्थानों के कार्यों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों के साथ साझा की।

कार्यक्रम में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार (CUSB) के सोशल वर्क और सोशियोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्रों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर कई सवाल पूछे, जिनका अतिथियों ने विस्तार से उत्तर दिया, जिससे छात्र अत्यंत उत्साहित और प्रेरित दिखाई दिए।

इस अवसर पर PRAN NGO से जुड़े किसान भी कार्यशाला में पहुंचे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों से उन्हें खेती एवं आजीविका के क्षेत्र में उल्लेखनीय लाभ प्राप्त हुआ है।

कार्यशाला के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) मानपुर गया के प्रतिनिधियों ने गया जिले की भौगोलिक स्थिति और कृषि से जुड़े संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं MSME से जुड़े विशेषज्ञों ने युवाओं के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विशेषकर ब्यूटीशियन और सिलाई जैसे कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। इसके अलावा FPO (Farmer Producer Organization) के माध्यम से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक इंटरएक्टिव एक्सरसाइज सेशन आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को तीन अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे गए और उनसे चर्चा करवाई गई। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी समझ और अनुभव साझा किए तथा विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीण विकास, कृषि नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं और किसानों को नई तकनीकी जानकारी, कौशल विकास तथा रोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था।

जारीकर्ता:

जनसंपर्क विभाग (PR Department)

PRAN NGO, गया जी (बिहार)

Event Photograph